हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 26 सितंबर 2025


तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री


13 जीएसटी दर में कटौती से कपड़ा व्यवसायियों में खुशी



14 30-40 साल से नहीं हुई अटल आवास की रिपेयरिंग...





## नवरात्रि विशेष



### चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती हैं. इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं. इनकी आठ भुजाएं हैं. अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं. आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है. इनका वाहन सिंह है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है. संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं. बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है. इस कारण से भी मां कूष्माण्डा कहलाती हैं. सर्वप्रथम मां कूष्मांडा की मूर्ति अथवा तस्वीर को चौकी पर दुर्गा यंत्र के साथ स्थापित करें इस यंत्र के नीचे चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं. अपने मनोरथ के लिए मनोकामना गुटिका यंत्र के साथ रखें. दीप प्रज्ज्वलित करें तथा हाथ में पीले पुष्प लेकर मां कूष्मांडा का ध्यान करें.

वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्घकृत शेखराम।
सिंहरूढा अष्टभुजा कुष्माण्डा यशस्वनीम।।

### आधार अपडेट करने स्कूलों में लगेंगे शिविर, आईडी बनाने के लिए निर्देश जारी

# विलंब से खुला पोर्टल, इसलिए नहीं बनी छात्रों की अपार आईडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

विलंब से पोर्टल खुलने से इस साल छात्रों की अपार आईडी बनाने का काम शुरू नहीं हो पाया है। चार-पांच दिन पहले ही पोर्टल में छात्रों की आईडी बनाने के लिए आवेदन स्वीकार करना शुरू हुआ है। इस साल अब तक एक भी आईडी नहीं बन पाई है। पोर्टल खुलने के बाद अब आईडी बनाने के काम में तेजी आने की उम्मीद है।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत हर छात्र को 12 अंकों की यूनिक पहचान दी जा रही है जिसे अपार आईडी यानी आटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री नाम दिया गया है। इसे डिजि लॉकर से लिंक किया गया है। इससे हर छात्र की स्थिति पर आसानी से नजर रखी जा सकती है। यही नहीं छात्रों के शैक्षणिक रिकार्ड, सर्टिफिकेट, ग्रेड सहित अन्य दस्तावेजों को इस अकाउंट में सुरक्षित रखा जाएगा। पिछले साल जिले में 1 लाख 45 हजार 467 छात्र थे, जिनकी अपार आईडी बनाने का लक्ष्य रखा गया था। पिछले साल आईडी बनाने का काम युद्धस्तर पर चला, जिसके चलते 1 लाख 16 हजार 673 छात्रों की आईडी बना ली गई। 28 हजार 208 छात्रों ने आईडी बनाने के लिए आवेदन ही नहीं किया। वहीं 439 छात्रों का आवेदन कई कारणों से रिजेक्ट हो गया था। इसमें से 5 हजार 162 छात्र पास होकर स्कूल छोड़ चुके हैं। उल्लेखनीय है कि इस साल नए और बचे हुए छात्रों की अपार आईडी बनाई जानी है। विडंबना यह है कि इस साल पोर्टल काफी विलंब से खुला, जिसके चलते अब तक छात्रों की अपार आईडी बनाने का काम शुरू नहीं हो पाया है।



फाइल फोटो

### आधार अपडेट होने के बाद ही बनेगी अपार आईडी

पांच साल की उम्र के बाद बच्चों के आधार में बायोमेट्रिक अपडेट करना अनिवार्य है। आधार अपडेट होने के बाद ही छात्रों की अपार आईडी बनेगी। उल्लेखनीय है कि अधिकांश पालकों ने अपने बच्चों का आधार अपडेट नहीं करवाया है। स्थिति को देखते हुए जिला शिक्षा विभाग ने स्कूलों में बायोमेट्रिक अपडेट करने के लिए शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। यू डाइस में जिन छात्रों का आधार अपडेट पेंडिंग दिखा रहा है, ऐसे छात्रों का आधार इन शिविरों में अपडेट किया जाएगा। स्कूल द्वारा नजदीकी आधार सेवा केंद्र की सहायता से शिविर लगाए जाएंगे।

### पुराने के साथ नए छात्रों की बनेगी आईडी




पहली से लेकर कक्षा बारहवीं तक के हर छात्र की अपार आईडी बननी है। पिछले सत्र में 28 हजार से ज्यादा छात्रों की अपार आईडी नहीं बन पाई थी। इस साल पहली कक्षा में करीब 9 हजार छात्रों ने पहली कक्षा में दाखिला लिया है। इस हिसाब से करीब 37 हजार छात्रों की आईडी बनाई जानी है। इसके लिए स्कूल के प्रधानपाठक, प्राचार्य सहित जिम्मेदार लोगों को निर्देश दिया गया है कि वे शीघ्रता से बचे हुए छात्रों की अपार आईडी बनाने की प्रक्रिया शुरू करें।

### धमतरी-नगरी मार्ग पर हुआ हादसा, घायलों का उपचार जारी

# बस पलटने से मासूम बच्ची की मौत, कई यात्री घायल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

धमतरी-नगरी स्टेट हाईवे में गुरुवार की दोपहर एक भीषण सड़क हादसा हुआ।


जानकारी के अनुसार डीआरडी कंपनी की यात्री बस धमतरी से नगरी की ओर आ रही थी, दोपहर लगभग 12:30 बजे खड़ादाह गांव के पास अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे के समय बस में करीब 15 से 20 यात्री सवार थे। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि बस के नीचे दबने से एक मासूम बच्ची की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं बस में सवार कई यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों और 108 एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

घटना की सूचना मिलते ही केरेगांव थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हादसे के सही कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जानकारी में तेज रफ्तार और अचानक वाहन का अनियंत्रित होना सामने आया है। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल रहा। ग्रामीणों ने बताया कि बस अचानक तेज गति में बेकाबू होकर पलट गई, जिससे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई थी। आसपास के लोगों ने बड़ी तत्परता दिखाते हुए बस के नीचे दबे यात्रियों को निकालने का प्रयास किया और घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। मृतक बच्ची के परिजनों को सूचना दे दी गई है। इस दर्दनाक घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर है।

### घायलों से मिलने पहुंचे एसडीएम



केरेगांव के पास हुई भीषण बस दुर्घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है। हादसे की सूचना मिलते ही एसडीएम जिला अस्पताल धमतरी पहुंचे। उन्होंने वहां भर्ती घायलों का हालचाल जाना तथा चिकित्सा व्यवस्था का जायज़ा लिया। एसडीएम ने ड्यूटीरत डॉ. चंचल से बातचीत की। उन्होंने घायलों की वर्तमान स्थिति, उपचार की प्रगति और आवश्यक चिकित्सकीय सुविधाओं की जानकारी ली। डॉक्टर ने बताया कि हादसे में घायल एक महिला और एक पुरुष मरीज को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। उपचार जारी है। डॉक्टरों की टीम लगातार निगरानी कर रही है। एसडीएम ने मृत बालिका के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने पीएम समेत आवश्यक औपचारिकताओं को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मृतक के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि प्रशासन उनकी हरसंभव मदद करेगा। एसडीएम ने अस्पताल प्रबंधन को घायलों के बेहतर इलाज के लिए निर्देश दिए। स्थानीय जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठनों ने भी अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना। मृतक के परिवार को सांत्वना दी।

## खबर संक्षेप

### सिर्री में गरबा महोत्सव 29 से



**सिर्री।** ग्राम सिर्री के श्रीराम युवा हिंदू संगठन एवं ग्रामवासियों के सहयोग से नवरात्रि पर्व में दो दिवसीय गरबा, डांडिया महोत्सव का आयोजन 29 और 30 सितंबर को रखा गया है। यह आयोजन दुर्गा माता मंदिर बाजार चौक में होगा। कार्यक्रम रात 8 बजे प्रारंभ होगा। प्रवेश शुल्क 51 रुपए है। विजेताओं को प्रथम पुरस्कार 1501 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 1001 रुपए प्रदान किया जायेगा। यह जानकारी श्रीराम युवा हिंदू संगठन सिर्री के सदस्यों ने दी है।

### सिलौटी में भूमिपूजन कार्यक्रम स्थगित

**अंवरी।** ग्राम पंचायत सिलौटी में राज्यसभा सांसद निधि से स्वीकृत कार्य का 27 सितंबर को भूमिपूजन होना था, लेकिन मौसम को देखते हुए इसे स्थगित किया गया है।

### ई-केवाईसी 15 अक्टूबर तक अनिवार्य

**धमतरी।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग रायपुर द्वारा दिए गए निर्देशानुसार 5 साल से अधिक उम्र वाले सभी सदस्यों की ई-केवाईसी 15 अक्टूबर तक किया जाना अनिवार्य है, अन्यथा उक्त राशनकार्डों को खाद्यान्न एवं अन्य सामग्री की पात्रता ई-केवाईसी पूर्ण होते तक अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया जाएगा। खाद्य अधिकारी बीके कोर्राम ने बताया कि ई-केवाईसी के लिए गूगल प्ले स्टोर में लिंक (MERA KYC App) उपलब्ध है, जिसके माध्यम से सदस्य ई-केवाईसी स्वयं कर सकते हैं या निकटतम शासकीय उचित मूल्य की दुकान के माध्यम से भी ई-केवाईसी कराई जा सकती है।

कम पानी वाली दलहन-तिलहन फसल लेने का लिया निर्णय

# जागरुकता : सौराबांधा के किसान इस बार भी रबी सीजन में नहीं लगाएंगे धान की फसल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

अभी खरीफ सीजन में लगी धान की फसल पककर तैयार भी नहीं हुई है और आने वाले रबी सीजन के लिए तैयारी शुरू हो चुकी है। कुरुद विकासखंड अंतर्गत भखारा तहसील के ग्राम सौराबांधा में किसानों ने जल संकट को देखते हुए इस बार भी रबी सीजन में धान की जगह दलहन-तिलहन फसल लेने का निर्णय लिया है।

रविवार को सौराबांधा के ग्रामीणों ने बैठक में सर्वसम्मति से यह नियम पारित किया है कि पिछली बार गर्मी बढ़ने के साथ ही गांव में जल संकट की समस्या उत्पन्न हो रही थी जो निकट भविष्य के लिए ठीक संकेत नहीं है। निस्तारी के लिए गंगरेल से पानी मिल जाता है लेकिन पेयजल समस्या का निपटारा करना कठिन है। ग्रामीणों ने धान की अपेक्षा मात्र 10 प्रतिशत पानी की जरूरत वाली दलहन तिलहन फसल चना, सरसो, तिल, उड़द, मूंग, गेहूं लेने का निर्णय लिया है।



### बैठक में सभी किसानों ने जताई सहमति

ग्रामीण जीवराखन साहू, गौराम साहू, इशकुमार मेश्राम, चंद्रिका नेताम, डुमेश्वर साहू ने बताया कि गर्मी बढ़ने पर गांवों में जलस्तर बहुत नीचे चला जाता है जिससे पेयजल की भी समस्या उत्पन्न हो जाती है। इसे देखते हुए ग्रामीणों ने बैठक में सर्वसम्मति से इस बार भी रबी सीजन में दलहन-तिलहन फसल लेने का निर्णय लिया। उन्होंने यह भी बताया कि जल संकट से उबरने वे लोग आसपास के गांव के किसानों को भी धान की जगह चना-गेहूं, उड़द मूंग लगाने की अपील करेंगे।

### भूमि सुधार की दृष्टि से भी फसल परिवर्तन जरूरी

किसान जोहित राम, भेषज, दयाराम साहू, श्याम लाल मेश्राम, मदन कोर्राम, दशरथ, भुवन, एकवीर सिंह ने बताया कि इस बार हमारे गांव के सभी किसानों ने धान नहीं बोने की सहमति जताई है। उसकी जगह चना, गेहूं, तिल, सरसो, मूंग उड़द आदि लगाएंगे। उन्होंने बताया कि धान की फसल में 100 प्रतिशत पानी लगता है जबकि दलहन-तिलहन में मात्र 10 प्रतिशत। इसके अलावा लगातार एक ही फसल लेने से जमीन की उर्वरा शक्ति कम हो रही है और रासायनिक खाद, दवाई की ज्यादा खपत भी स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए भी नुकसानदायक है।

# शत-प्रतिशत कर वसूली पर दिया जोर

- निगम आयुक्त व उपायुक्त ने ली राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



नगर निगम आयुक्त प्रिया गोयल व उपायुक्त पीसी सार्वा ने निगम मुख्यालय में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में संपत्ति कर, जलकर, समेकित कर, यूजर चार्ज, शिक्षा उपकर एवं अन्य राजस्व मदों की वसूली की प्रगति पर चर्चा की गई। आयुक्त ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर शत प्रतिशत वसूली की जाए। उन्होंने कहा कि इस माह की लक्षित वसूली का लगभग 30 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है। शेष करदाताओं और बकायादारों तक पहुंचने के लिए वार्डवार टीम बनाकर अभियान चलाया जाए, ताकि नागरिक समय पर अपना कर अदा कर सके। आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि वसूली कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही या टालमटोल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी राजस्व निरीक्षकों को नियमित वार्ड का दौरा कर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। कर वसूली के साथ नागरिकों को तुरंत रसीद उपलब्ध कराई जाए एवं पारदर्शिता बनाए रखी जाए।

# कर्मचारियों की कमी से नपं भखारा का कार्य प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भखारा




नगर पंचायत भखारा कार्यालय में कर्मचारियों की कमी से कामकाज प्रभावित हो रहा है। इससे जनता के साथ-साथ अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को भी तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में नगर पंचायत कार्यालय में सहायक राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल का पद रिक्त है। दोनों पद की जवाबदारी प्लेसमेंट कर्मचारी संभाल रहे हैं। वर्तमान में सहायक ग्रेड 3 के कर्मचारी का ट्रांसफर हो चुका है, जिससे पंचायत में कार्य का भार और बढ़ जाएगा। इस संबंध में नगर पंचायत के उपाध्यक्ष विष्णु साहू ने कहा कि नगर पंचायत में कर्मचारियों की कमी के चलते कार्य की गति में कमी आई है, जिससे आमजनता को तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत के रिक्त पद के लिए कर्मचारी एवं स्वास्थ्य विभाग में एमबीबीएस डॉक्टर की मांग शासन से की गई है।

## अंचल की खबरें

### शाकंभरी मंदिर में जले आस्था के ज्योत



**नगरी।** ग्राम सिहावा के शाकंभरी मंदिर में क्वांर नवरात्र पर्व में कोसरिया मरार पटेल समाज सिहावा राज ने आस्था के ज्योत प्रज्वलित किए। पटेल समाज की ईष्ट देवी मां शाकंभरी की मूर्ति की पूजा अर्चना कर ज्योति प्रज्ज्वलित की गई। इस दौरान मंदिर पुजारी गणेशराम पटेल, छग प्रदेश संरक्षक मरार पटेल समाज अमरसिंह पटेल, लतखोर पटेल, नारायण पटेल, पटेल समाज सिहावाराज अध्यक्ष कन्हैयालाल कौशल, उपाध्यक्ष मोतीलाल पटेल, डामेश्वर पटेल, सचिव डिलेश्वर पटेल, कोषाध्यक्ष दिलीप पटेल, सहसचिव राकेश पटेल, विशेष सलाहकार कुंजलाल पटेल, न्याय समिति सदस्य लकेश पटेल, ग्रामीण अध्यक्ष सिहावा क्षेत्र हरचंद पटेल, मानिक पटेल घठुला क्षेत्र अध्यक्ष, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सियाशरण पटेल, संतोष पटेल, प्रभाकर पटेल, कमल पटेल, रामभरोस पटेल, अघनूराम पटेल, मीडिया प्रभारी राजू पटेल समेत अन्य मौजूद थे।

### साइकिल मिलने से छात्राओं के चेहरे खिले



**नगरी।** शासकीय हाईस्कूल सांकरा चिवर्री में कक्षा नवमी की 15 छात्राओं को साइकिल का वितरण शाला समिति विकास अध्यक्ष संतराज मरकाम एवं सदस्य जनकराम नेताम, डीकेश नेताम, अशोक नेताम, मोतीलाल मरकाम ने किया। प्राचार्या श्रीमती सुरेन्दर कौर ओबेरॉय ने छात्राओं को खूब मन लगाकर पढ़ने और नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। मौके पर हरिराम मरकाम व्याख्याता, ऋतु पटेल व्याख्याता, संगीता कमलवंशी व्याख्याता, वर्षा रंगारी व्याख्याता, वैभव जाधव विज्ञान सहायक, बीरेंद्र नेताम प्रधानपाठक माशा, प्रतापसिंह नेताम संकुल समन्वयक, उत्तम सोरी शिक्षक एलबी, दीपक नायक प्रधानपाठक प्राथमिक शाला, विष्णु मरकाम सहायक शिक्षक एलबी, घसिया मरकाम, रोशन नेताम, ध्रुव नेताम उपस्थित थे।

### 'मैं नहीं, आप' युवाओं के लिए एक जीवन मंत्र : अटल




- युवा शक्ति के संकल्प के साथ आमदी कालेज में मना रासेयो का स्थापना दिवस

**आमदी(धमतरी)।** शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में रासेयो का स्थापना दिवस प्रभारी प्राचार्य डा. गौकरण प्रसाद जायसवाल के निर्देशन एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में मनाया गया। डा. जायसवाल ने कहा कि रासेयो हमें यह सिखाती है कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य समाज के प्रति संवेदनशील बनना है। इससे जुड़कर छात्र न केवल सेवा भावना सीखते हैं बल्कि नेतृत्व, अनुशासन और आत्मनिर्भरता जैसे गुणों को भी विकसित करते हैं। श्री अटल ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि रासेयो का आदर्श वाक्य मैं नहीं, आप युवाओं के लिए एक जीवन मंत्र है। जब छात्र समाजसेवा में जुड़ते हैं तो वे देश के विकास की सबसे बड़ी ताकत बनते हैं। कार्यक्रम में अतिथि प्राध्यापक युगेश्वर साहू, रमेश सिंह, मन्नू साहू सहित स्वयंसेवक संगीता, पूर्वी, खुशबू, प्राची, रूचि, दुर्गेश्वरी, योगिता साहू, वेदप्रकाश, तुलसीरानी, मोनीश, कुणाल, साहिल, काम्या, डेमीन का योगदान रहा।

### शुक्लाभाठा में चला सफाई अभियान



**मगरलोड।** छग राज्य के रजत जयंती वर्ष एवं स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत ग्राम पंचायत शुक्लाभाठा में सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान के माध्यम से शुक्लाभाठा के सार्वजनिक स्थल, रामसबरी तालाब, अमृत सरोवर तथा पुराना तालाब को साफ-सुथरा बनाने का प्रयास किया गया। इस अभियान में शुक्लाभाठा सरपंच पलवंतीन साहू, सचिव रमेश ध्रुव सहित पंचगण, ग्रामीण एवं स्वसहायता समूह की महिलाओं का सहयोग रहा। अभियान में लोगों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। इस अभियान से लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी।

# मेघा एनीकट बारिश से लबालब, आवागमन बंद

- सुरक्षा के लिहाज से एनीकट के पास पुलिस की तैनाती

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



लगातार बारिश होने से मेघा एनीकट के ऊपर से पानी बह रहा है जिससे कारण एनीकट से आवागमन बंद कर दिया गया है।

24 सितम्बर बुधवार को क्षेत्र में हुई लगातार बारिश से खेत, नदी, नाले जलमग्न हो गए हैं। मेघा महानदी पुल टूटने से लोग बगल के एनीकट से आवागमन करते थे लेकिन पानी अधिक होने से रास्ता को बंद कर दिया है। एनीकट के पास पुलिस की तैनाती की गई है। मेघा एनीकेट से होकर मगरलोड तथा आसपास गांव के लोग कुरूद जाते हैं। एनीकट के बंद होने से किसान, विद्यार्थी, व्यापारियों को अधिक दूरी तय कर दूसरे रास्ते से कुरूद जाना पड़ रहा है। एनीकट बंद होने से विद्यार्थी, कर्मचारियों को परेशानी हो रही है। राहगीर खट्टी नारी होते हुए कुरूद जा रहे हैं। एनीकट के दोनों ओर कुरूद , मगरलोड के पुलिस जवान तैनात हैं।

# युवा संसद प्रतियोगिता में उमावि सिहावा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा युवा संसद प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संसदीय संस्थाओं की कार्य पद्धति का व्यापारिक अनुभव कराना एवं भावी मतदाताओं के मानस में लोकतांत्रिक मूल्यों की सुदृढ़ स्थापना के साथ परस्पर स्वस्थ एवं अनुशासित चर्चा के माध्यम से समाधान प्राप्ति के सर्वाधिक सुगम-स्वीकार्य मार्ग की महत्ता से परिचित कराना है। विद्यार्थियों को भारत के संविधान के मौलिक कर्तव्य की जानकारी देनी है।

इसी क्रम में पीएमश्री शासकीय श्रृंगी ऋषि उत्कृष्ट उमावि नगरी में युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली संस्था उमावि सिहावा एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली संस्था पीएम श्री शासकीय श्रृंगी ऋषि उत्कृष्ट उमावि नगरी रही। कार्यक्रम के नोडल विखं शिक्षाधिकारी केआर साहू एवं सहायक नोडल अधिकारी सुरेंद्र नेताम व्याख्याता उमावि बेलरगांव, सहायक विखं शिक्षाधिकारी महेश्वरी ध्रुव एवं निर्णायक अजय ग्वाल प्राचार्य हाईस्कूल खैरभर्री, तुलसी ध्रुव व्याख्याता उमावि देवपुर, महेंद्र बोझीं प्रधान पाठक माशा बोड़रा रहे। यह कार्यक्रम प्राचार्य संतोष प्रजापति सेजेस नगरी, वेदराम सेन, आकांक्षालाल एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में हुआ।

# खड़पथरा में शारदीय नवरात्रि महोत्सव की धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

खड़पथरा बेलरगांव में नव दुर्गा उत्सव युवा समिति द्वारा इस वर्ष भी शारदीय नवरात्रि महोत्सव उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। पंचमी पूजा 26 सितम्बर शुक्रवार, महानवमी हवन 1 अक्टूबर बुधवार तथा विजयादशमी पर्व एवं रावण दहन 2 अक्टूबर गुरुवार को होगा। नवरात्र महोत्सव के दौरान प्रतिदिन सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक धार्मिक व सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इनमें शिव विवाह, तारकासुर वध, महिला सशक्तिकरण पर आधारित नृत्य-नाट्य प्रस्तुतियां, रामलीला झांकियां, खेलकूद प्रतियोगिताए, सीताहरण, रावणवध और श्रीकृष्ण लीला जैसे कार्यक्रम शामिल रहेंगे। प्रथम पुरस्कार 15025, द्वितीय 11025, रु तृतीय 7025 रु तथा सांत्वना पुरस्कार 4100 रु. है। इस अवसर पर रंगारंग मंचीय प्रस्तुति और काली रामलीला नाट्य प्रतियोगिता का भी आयोजन होगा।

# समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वालों का भाजपा ने किया सम्मान

- इन्हीं प्रयासों से प्रदेश को आगे बढ़ने की ताकत मिलती है : अजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद




विभिन्न सामाजिक क्षेत्र में जिन लोगों ने व्यक्तिगत व संस्थाओं के माध्यम से सामाजिक कार्य किए हैं और समाज के उत्थान में विशेष योगदान रहा है, उनको भारतीय जनता पार्टी द्वारा सम्मानित किया गया। विधायक अजय चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य में यह सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से लेकर 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक भाजपा सेवा पखवाड़ा के रूप में अनेक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को भाजपा कार्यालय कुरुद में विभिन्न क्षेत्र में सामाजिक कार्य करने वाले सैकड़ों लोगों को स्मृति चिन्ह एवं श्रीफल देकर भाजपाइयों ने सम्मानित किया। इस दौरान विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि आज समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने का अवसर प्राप्त हुआ। इनके समर्पण और उत्कृष्ट योगदान ने समाज को नई प्रेरणा दी है। ऐसे प्रयास ही हमारे क्षेत्र और प्रदेश को आगे बढ़ाने की ताकत बनते हैं।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर, नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन, जनपद अध्यक्ष कुरुद गीतेश्वरी साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष हरिशंकर सोनवानी, भाजपा मंडल अध्यक्षगण कृष्णकांत साहू, रवि सिन्हा, लोकेश साहू, कल्याण राजपूत के अलावा बड़ी संख्या में भाजपाई शामिल थे।

सहकार से समृद्धि अभियान से ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो रही : डॉ. दीक्षित

# सहकारी समिति अंवरी को वर्ष 2024-25 में 37.97 लाख की आय

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी





प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित अंवरी में वार्षिक आमसभा हुई जिसमें वर्ष 2024-25 के आय -व्यय के पठन पाठन के साथ संस्था की कुल आय-व्यय का ब्योरा रखा गया। सहकारी समिति ने वर्ष 2024-25 में 37.97 लाख का शुद्ध लाभ प्राप्त किया साथ ही वर्ष 2025-26 में होने अनुमानित बजट का भी प्रस्ताव पारित किया। संस्था के प्राधिकृत अधिकारी कामताप्रसाद साहू, पूर्व अध्यक्ष लेखराम साहू, संस्था के पूर्व समिति प्रबंधक हनुमानसिंह सिन्हा समेत संस्था के अंशधारी कृषक उपस्थित थे। छग राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष पर प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति अंवरी में एकदिवसीय संगोष्ठी हुई। प्रवक्ता डॉ. एएन दीक्षित, पैक्स अंवरी के प्राधिकृत अधिकारी कामताप्रसाद साहू, पूर्व अध्यक्ष लेखराम साहू, पूर्व समिति प्रबंधक हनुमानसिंह सिन्हा, पूर्व सरपंच बिसाहूराम साहू, जिला सहकारी संघ के प्राधिकृत अधिकारी सीपी साहू, प्रबंधक एपी गुप्ता, पैक्स अंवरी प्रबंधक पूनम जांगड़े मौजूद थे।

मुख्य वक्ता डॉ. दीक्षित ने कहा कि सहकार से समृद्धि अभियान के तहत सरकार देश की विभिन्न सहकारी संस्थाओं व ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ कर रही है। गांव-गांव में सड़कों का जाल, विद्यालय एवं महाविद्यालय की स्थापना, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में वृद्धि महत्वपूर्ण कदम है। संघ के प्राधिकृत अधिकारी साहू ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। युवकों को नशा का त्याग कर चरित्र निर्माण में ध्यान लगाना चाहिए। रासायनिक खाद व कीटनाशकों को त्याग कर जैविक खेती को बढ़ाना होगा।

इस दौरान पैक्स परिसर में स्वच्छता अभियान के तहत साफ-सफाई की गई। कार्यक्रम का संचालन संघ प्रबंधक एपी गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन पैक्स अंवरी प्रबंधक पूनम जांगड़े ने किया।


# राजपुर के शीतला मंदिर में 67 ज्योति प्रज्ज्वलित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड





ग्राम राजपुर में शारदीय नवरात्रि पर शीतला माता मंदिर में मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की गई है। ग्रामीण अध्यक्ष देवनारायण साहू, सचिव गुहलेद कंवर, कोषाध्यक्ष मनराखन निषाद ने बताया कि शीतला माता मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं ने शारदीय नवरात्रि में 67 मनोकामना ज्योति जलाई है। माता के मंदिर में श्रद्धालु सुबह-शाम पूजा अर्चना करने आते हैं। श्रद्धालु माता के दर्शन कर गांव की सुख, समृद्धि की कामना कर रहे हैं। माता की सेवा में बैगा खेलन निषाद, सीताराम यदु, राकेश निषाद जुटे हैं।



## करेली छोटी में 194 ज्योति जगमगाई



**मगरलोड।** शारदीय नवरात्रि 22 सितंबर सोमवार से प्रारंभ हो गई है। करेली छोटी स्कूलपारा में रामेश्वर भगत के निवास में दुर्गा माता, काली माता का मंदिर है। नवरात्रि पर्व पर 194 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की गई है। माता के दरबार में ज्योति दर्शन करने भक्तों का तांता लगा हुआ है।

**कारोबार** : कपड़ा सस्ता होने से खरीदी-बिक्री की क्षमता बढ़ेगी

# जीएसटी दर में कटौती से कपड़ा व्यावसायियों में खुशी







हरिभूमि न्यूज ▶▶|कुरूद

कपड़ा व्यापारी जीएसटी की नई दर लागू होने से खुश है। उनका कहना है कि सरकार ने एक हजार रुपये की कीमत वाले कपड़ों पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया है। जबकि 2500 रुपये से ऊपर वाले कपड़ों पर 12 प्रतिशत ही जीएसटी लागू है। इससे कमजोर तबके के लोगों का रेडिमेड्स के प्रति रुझान बढ़ेगा और वह कपड़े खरीद सकेंगे। इससे व्यापार को रफ्तार मिलेगी। 12 प्रतिशत को भी पांच प्रतिशत स्लैब में लाने की मांग व्यापारी कर रहे हैं।

कुरुद नगर के कपड़ा व्यवसायी योगेश जैन ने बताया कि रेडिमेड्स कपड़ों की खरीदारी त्योहारों के मौके पर सबसे अधिक होती है। ऐसे में महंगाई को देखते हुए गरीब लोग रेडिमेड कपड़े खरीदने से दूर होते जा रहे थे। अब एक हजार तक की खरीद वाले कपड़ों पर जीएसटी कम होने से गरीब लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। कपड़ा सस्ते होने पर खरीदने की क्षमता बढ़ेगी और बिक्री बढ़ेगी। इससे व्यापारियों को लाभ होगा।

आने वाले त्योहारों पर व्यापारियों की अच्छी बिक्री और अच्छा मुनाफा होने की संभावना है। पुराना बाजार कुरुद के व्यापारी विकास चंद्राकर ने बताया कि जीएसटी की दर कम होने से छोटे व्यापारियों को बड़ा लाभ होगा। लागत कम होने पर वस्तुएं सस्ती होंगी। इससे बिक्री बढ़ेगी और त्योहारों पर लोग अधिक से अधिक रेडिमेड कपड़ों की खरीद कर सकेंगे। इससे व्यापारियों की बिक्री बढ़ेगी। बाजार में मांग बढ़ना ही व्यापारियों के अच्छे मुनाफे का संकेत होता है। त्योहार पर इसका असर दिखाई देगा। नगर पंचायत भखारा के कपड़ा व्यवसायी संतोष जैन ने बताया कि जीएसटी की दो स्लैब कम करने के बाद व्यापारियों को राहत मिली है।

जीएसटी कम करने के चलते कपड़े खरीदने पर लोगों का फायदा होगा। व्यापारियों के साथ जनता को भी राहत मिली है। अगर जनता ज्यादा सामान खरीदेगी तो व्यापार में भी बढ़ोतरी होगी। उनकी किराना की दुकान है जिस पर 30 से 40 प्रतिशत तक फायदा होने की उम्मीद है। वह मोदी सरकार का धन्यवाद करते हैं।

## हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की हुई पहचान



■ जिले में उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की संख्या 138

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

जिले में चलाए जा रहे स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत 138 उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया।

शासन के निर्देशानुसार जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान चलाया जा रहा है। अभियान की शुरूआत जिला अस्पताल के ओपीडी हॉल में सांसद व नगर निगम महापौर के आतिथ्य में की गई। अभियान के शुरू होने के बाद से स्वास्थ्य केन्द्रों में गर्भवती महिलाओं की जांच व परामर्श दिया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ. यूएल कौशिक ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से जिले के 30 स्वास्थ्य संस्थाओं में विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं चिकित्सा अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो गर्भवती महिलाओं की जांच कर उच्च जोखिम हाई रिस्क गर्भवतियों की पहचान कर निजी सोनोग्राफी संस्थाओं के सहयोग से निःशुल्क सोनोग्राफी की जा रही है। इसके साथ ही स्वास्थ्य परिवार नियोजन, पोषण एवं उच्च जोखिम की पहचान कर परामर्श दिया जा रहा है। जिले में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की संख्या 4 हजार है। अभियान के दौरान 2261 महिलाओं की जांच की गई है। उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की संख्या 138 है। 37 गर्भवतियों की निःशुल्क सोनोग्राफी जांच निजी संस्थाओं से कराई जा चुकी है।

### बेलरगांव में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**नगरी।** ग्रामीण साहू समाज बेलरगांव द्वारा साहू सदन, निषाद सदन, गायत्री मंदिर, मां दंतेश्वरी मंदिर, मनरेगा चौक के आसपास सफाई अभियान चलाया गया। साहू सदन में भक्त माता कर्मा की पूजा आरती कर महात्मा गांधी के संदेश को समाज प्रमुख द्वारा विस्तार से बताया गया।

## शिशु मंदिर में संस्कृति महोत्सव का शुभारंभ





■ तीन जिलों से 406 प्रतिभागी छात्र-छात्राएं हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कुरूद

सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर छग द्वारा तीन दिवसीय विभागीय संस्कृति महोत्सव 23 सितंबर से सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरूद में आयोजित है। उद्घाटन मुख्य अतिथि श्रीमती गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जपं कुरुद ने किया। अध्यक्षता तिलोकचंद जैन उपाध्यक्ष विवेकानंद शिशु संस्कार समिति कुरूद ने की। इस विभागीय संस्कृति महोत्सव में तीन जिला महासमुंद, गरियाबंद, धमतरी से कुल 406 प्रतिभागी छात्र-छात्राएं एवं संरक्षण आचार्य, दीदी सम्मिलित हुए। कुल 19 विधाओं की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी जिसमें एकल भजन, तबला वादन, व्यक्तिगत गीत, वन्देमातरम गीत, मूर्तिकला, चित्रकला, तात्कालिक भाषण, कथा कथन, एकल अभिनय, शास्त्रीय गायन, शास्त्रीय नृत्य, निबंध, स्वरचित कविता, रंगोली प्रतियोगिता, गीता पाठ, बौद्धिक प्रश्न मंच, मानस प्रथमाक्षरी शामिल है। इस अवसर पर विवेकानंद शिशु संस्कार समिति के अध्यक्ष देवनाथ सोनी, कोषाध्यक्ष सुरेश महावर राजिम विभाग प्रमुख, वेदनाथ चंद्राकर विभाग समन्वय, मानिकलाल साहू, प्रभारी मनोज रघुवंशी, हेमंत महाड़िक, अनिमेष शर्मा, जनकराम साहू, प्राचार्य श्रीनिवास शुक्ला, प्रधानाचार्य जितेंद्र निर्मलकर समेत स्कूल स्टाफ मौजूद था।

### भावी पीढ़ी के लिए महत्वपूर्ण आयोजन है : गीतेश्वरी

मुख्य अतिथि श्रीमती साहू ने छात्र-छात्राओं से कहा कि दृढ़ संकल्प एवं अपनी सोच को सकारात्मक रखकर हम देश के ख्यातिनाम लोगों मे शामिल हो सकते है। उन्होंने इस संस्कृति महोत्सव को भावी पीढ़ी के लिये महत्वपूर्ण बताया।

## सांकरा में कबड्डी का छाया रोमांच, आज फाइनल



**सांकरा।** क्वांर नवरात्रि पर श्री नंदेश्वर कबड्डी क्लब सांकरा द्वारा अंतरराजीय दो दिवसीय डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन पुराना गौठान हाई स्कूल के सामने 24 सितंबर और 25 सितंबर को किया गया था लेकिन बारिश होने की वजह से प्रतियोगिता 25 सितंबर से प्रारंभ हुई जिसमें कोरबा, खैरागढ़, गरियाबंद, राजिम, उमरगांव, भोथली, सांकरा मैनपुर, बिलासपुर की टीमों ने अपना जलवा बिखेरा। कबड्डी का लुत्फ उठाने हजारों लोग पहुंचे। कबड्डी मैच लाइव प्रसारण यूट्यूब चैनल मोर भुईया लिंक पर हो रहा है। फाइनल मुकाबला आत 26 सितंबर को होगा। कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 41000 एवं ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 21000 एवं ट्रॉफी, तृतीय पुरस्कार 11000 एवं ट्रॉफी, चौथा पुरस्कार 5100 रूपए एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।

## सीएम ने दरबा सरपंच को किया सम्मानित



**जीजामगांव।** सीएम विष्णुदेव साय ने मंगलवार को बड़ी करेली में आयोजित समारोह में ग्राम पंचायत दरबा की सरपंच श्रीमती पूजा साहू को उत्कृष्ट महिला सरपंच का सम्मान प्रदान किया। पूरे कुरूद ब्लाक में ग्रापं दरबा स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत कचरा संग्रहण एवं स्वच्छता शुल्क वसूली में अव्वल रही। सरपंच श्रीमती पूजा साहू ने बताया कि यह सम्मान उनके और उनके गांव के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। सीएम ने उन्हें आशीर्वाद दिया। इस उपलब्धि पर ग्राम पंचायत की टीम और ग्रामीणों ने हर्ष जताया है।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



## खबर संक्षेप

### छोटा शिर्डीधाम कुकरेल में पंचमी 27 को, अष्टमी 30 को



■ 2 अक्टूबर को दशहरा महोत्सव, साईं समाधि दिवस

**धमतरी।** छोटा शिर्डीधाम कुकरेल में नवरात्रि पर 9 दिनों तक नवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया गया है। 22 सितंबर सोमवार को माता मूर्ति स्थापना, सार्वजनिक नंदादीप मनोकामना ज्योति प्रज्वलित, सर्व देवी-देवता आह्वान, पूजा पाठ हुआ। 27 सितंबर शनिवार को दुर्गा पंचमी महोत्सव, माता का श्रृंगार चढ़ावा, पूजा पाठ, आरती, प्रसादी, 30 सितंबर मंगलवार को दुर्गा अष्टमी सुबह 10 बजे से हवन पूजन, नौकन्या भोज, भजन कीर्तन, जसगीत, माता भंडारा, 2 अक्टूबर गुरुवार को दशहरा, श्री साईं पुण्यतिथि समाधि दिवस, दशहरा महोत्सव, साईं गीत पाठ, शंति पाठ, भजन कीर्तन होगा। इसके अलावा 9 दिनों तक प्रतिदिन सुबह शाम पूजा पाठ, आरती, साईं बाबा, सर्व देवी देवता, पूजा पाठ, आरती, भजन कीर्तन, दुर्गा पाठ, जप, तप, जसगीत, सार्वजनिक साईं मनोकामना ज्योति कलश दर्शन का कार्यक्रम आयोजित है। मंदिर समिति के डा. संजय तिवारी, सुलेखा तिवारी ने भक्तों से कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### जिले को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में कार्य करें : डेका

**धमतरी।** प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका निजी प्रवास पर धमतरी पहुंचे। गंगरेल बांध स्थित बरदिहा रिसॉर्ट में रेडक्रास सोसायटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने राज्यपाल से भेंट की। सदस्यों ने राज्यपाल को पौधा भेंट किया। पदाधिकारियों ने जिले में रेडक्रास द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को उपलब्ध कराई जा रही त्वरित सेवाओं तथा टीबी मरीजों को दी जा रही सहायता की जानकारी दी। राज्यपाल ने जिले को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में ठोस पहल करने का आह्वान किया। गंगरेल बांध में राज्यपाल ने बोटिंग की। इस दौरान उन्होंने गंगरेल बांध के जल भराव की स्थिति और छोड़े जा रहे पानी की भी जानकारी ली।

### मेगा शिविर में 25 लोगों ने किया रक्तदान

**चारामा।** सीएचसी में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग ने मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसका शुभारंभ जनपद पंचायत अध्यक्ष जागेश्वरी भास्कर के मुख्य आतिथ्य में हुआ। शिविर में 25 यूनिट रक्तदान किया गया। शुभारंभ पर अतिथियों में जिला पंचायत सदस्य तेजेश्वरी उपस्थित रही। तहसीलदार सत्येंद्र शुक्ला, दिनेश साहू, शिक्षक बोधन साहू के अलावा स्वास्थ्य विभाग कर्मचारी, महाविद्यालय के छात्र, व्यापारी प्रकोष्ठ एवं अन्य रक्त दानदाता महिला-पुरुष ने रक्त दान किया। इस अवसर पर नंदकुमार ओझा, पार्षद उत्तम साहू, वरिष्ठ व्यापारी नारायण पंजवानी, बीएमओ डॉ ओपी शंखवार, ब्लड बैंक कांकेर शाखा टीम डॉ. अखिलेश गायकवाड़, रवि ठाकुर एवं अन्य का सहयोग रहा।

पिंक सिटी स्थित अटल आवास के रहवासियों ने लगाई प्रशासन से मदद की गुहार

# 30-40 साल से नहीं हुई अटल आवास की रिपेयरिंग, प्लास्टर गिरने से दहशत में रहवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





शहर के गोकुलपुर रूद्री रोड में स्थित पिंक सिटी कालोनी के पीछे अटल आवास में पिछले 30-40 साल से लोग निवासरत हैं। दो मंजिला भवन में लगभग 50 ब्लाक बनाए गए है जहां 4-5 के एवरेज में लगभग यहां 250 परिवार निवासरत हैं। देखरेख के अभाव में बिल्डिंग जर्जर हो गई है। छत के प्लास्टर, दीवारों की ईंट बारिश में भरभराकर गिरने लगी है।

यह सिलसिला पिछले तीन चार माह से चल रहा है। यहां के रहवासी हेमूराम साहू, तीजबाई यादव, मंगतीनबाई पटेल, केशलाल साहू ने बताया कि 30-40 साल से भवन की रिपेयरिंग नहीं हुई है। लोग अपने पैसे से रिपेयरिंग करवा रहे हैं। शासन प्रशासन से कोई मदद नहीं मिली है। कलेक्टर, नगर निगम, एसडीएम, महापौर, पार्षद को रिपेयरिंग या नई बिल्डिंग बनाने आवेदन दिया जा चुका है। महापौर, पार्षद ने निरीक्षण भी कर लिया है। लेकिन अभी तक उचित कार्रवाई नहीं हुई है। छोटे छोटे बच्चे हैं। हम सभी दहशत में जी रहे हैं। हरपल खतरे की घंटी सुनाई देती है। बारिश में पानी गिरते ही लोग रतजगा करते हैं कि कब क्या हो जाए।

रहवासियों ने बताया कि शौचालय, पानी, बिजली, साफ-सफाई ठीक है, लेकिन परिसर में पानी का जमावड़ा हो रहा है जिससे मच्छर, मक्खी पनप रहे हैं। यह स्थल रामपुर वार्ड क्रमांक 22 के अंदर आता है। कई पार्षद चुनकर आए। कार्यकाल समाप्त हो गया लेकिन उनकी समस्या जस की तस है। ड्रेनेज सिस्टम भी खराब है। बारिश में गटर का पानी ओव्हर फ्लो होकर आवास परिसर में भर जाता है। अटल आवास के रहवासियों को पट्टा भी नहीं मिला जिससे वे पीएम आवास योजना से वंचित हैं। जर्जर अटल आवास में रहना मजबूरी हो गया है। बता दें कि दो मंजिला भवन पत्थर की नींव के सहारे खड़ा है। मजबूती के नाम पर सिर्फ पत्थर ही है। प्लास्टर के गिरने से छत में लगी राड स्पष्ट दिख रही है।

## अंगारमोती में आज मनेगी पंचमी, माता को लगेगा 56 भोग



■ इस वर्ष 5738 भक्तों ने मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित करवाई : जीवराखन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गंगरेल स्थित मां अंगारमोती मंदिर में आज पंचमी तिथि पर माता का विशेष श्रृंगार एवं 56 भोग लगाया जाएगा। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष



जीवराखन लाल मरई ने बताया कि 26 सितम्बर को पंचमी तिथि के अवसर पर सुबह 11:30 बजे मंदिर के पुजारी एवं सभी भक्तों की उपस्थिति में माता का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। इस वर्ष माता के लिए विशेष चुनरी तैयार की गई है। पूजा, पाठ, अभिषेक, आरती के बाद माता को 56 भोग लगाया जाएगा। श्री मरई ने बताया कि यह पहला अवसर है जहां मंदिर परिसर में 5738 भक्तों ने मनोकामना ज्योति प्रज्वलित करवाई है जो हर साल बढ़ते क्रम में है। इससे सिद्ध होता है कि माता के प्रति आस्था दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। इनकी सत्यता यह है कि माता सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करती हैं। इसे मनौती माता भी कहते हैं। श्री मरई ने भक्तों से सुबह 11:30 बजे पंचमी उत्सव में शामिल का आग्रह किया है।

## अर्जुनी में बंद मकान में मृत मिला वृद्ध

■ घर का दरवाजा लगभग सप्ताह भर से बंद था

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



बंद मकान से दुर्गंध आने की सूचना पर मौके पर पहुंची अर्जुनी पुलिस ने दरवाजा खोलकर देखा तो बिस्तर पर एक वृद्ध मृत पड़ा मिला।

मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम अर्जुनी में बुधवार की दोपहर लोगों ने बंद मकान से असहनीय दुर्गंध आने पर इसकी सूचना अर्जुनी पुलिस को दी। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची, जहां दरवाजा भीतर से बंद था। किसी तरह दरवाजा को खोलकर पुलिस भीतर पहुंची। यहां बिस्तर पर एक वृद्ध का शव औंधे मुंह पड़ा हुआ था। शव तीन से चार दिन पुराना होने के कारण सड़ने लगा था। मृतक की पहचान भीषम ध्रुव उम्र 50 वर्ष के रूप हुई। पुलिस ने घटनास्थल की बारीकी जांच व पूछताछ के बाद पंचनामा की कार्रवाई कर शव को जिला अस्पताल भेज दिया। शाम तक शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस की प्रारंभिक जांच व पूछताछ से पता चला कि मृतक घर में अकेला रहता था। वह शराब पीने का आदी था। घर का दरवाजा लगभग सप्ताह भर से बंद था। मृतक का भाई कुकरेल में रहता है। वृद्ध की मौत नशे से होने की आशंका जताई गई है। बहरहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की जांच शुरु कर दी है।

## स्वच्छता दीदियों ने बनाई मनमोहक रंगोली



हरिभूमि न्यूज ▶▶आमदी(धमतरी)

सेवा पखवाड़ा में नगर पंचायत आमदी में प्रधानमंत्री आवास योजना एवं स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान तथा अंगीकार अभियान अंतर्गत एसएलआरएम सेंटर में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

स्वच्छता दीदियों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, बेटी बचाओ अभियान, अंगीकार योजना एवं छत्तीसगढ़ की 25वीं रजत जयंती वर्ष से संबंधित मनमोहक रंगोली बनाई गई। विजेता प्रतिभागियों को 2 अक्टूबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा।

रंगोली प्रतियोगिता स्कूल और कॉलेज स्तर पर होगी। प्रतियोगिता में नगर अध्यक्ष श्रीमती ज्योति साहू, उपाध्यक्ष कमल यादव पार्षदगण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपक शुक्ला, उप अभियंता दिगेश्वर साहू, पीआईयू कामता साहू और सीएलटीसी आकाश पटेल समेत अन्य उपस्थित थे।

## ऑनलाइन कार्यों के बहिष्कार से सरकारी काम प्रभावित

■ राजस्व निरीक्षक संघ ने सचिव से मुलाकात कर समस्याओं और मांगों से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



राजस्व निरीक्षक संघ ने आनलाइन सर्वे कार्य का बहिष्कार किया है। इससे नक्शा, बटांकन, डिजिटल क्रॉप सर्वे, गिरदावरी फार्मर रजिस्ट्री, कृषि संगणना, फसल बीमा के तहत फसल कटाई प्रयोग की तैयारी, जीसीईएस, आदान सर्वेक्षण जैसे सरकारी काम ठप पड़ गए हैं।

छग राजस्व निरीक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष दीपचंद भारती ने बताया कि साधन-संसाधन के बिना आनलाइन शासकीय कार्यों का संघ ने 18 अगस्त से बहिष्कार कर दिया है। इसे लेकर गुरुवार को छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा के नेतृत्व में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव से मुलाकात कर उनके समक्ष बिंदुवार जानकारी रखी गई। जिसमें शासकीय कार्यों के निर्वहन के लिए पटवारी संवर्ग को समान साधन-संसाधन उपलब्ध कराने, राजस्व निरीक्षक से नायब तहसीलदार, सहायक अधीक्षक भू अभिलेख संवर्ग में पदोन्नति, आफलाइन नक्शा बटांकन अनुमोदन के लिए प्रदत्त आईडी को वापस लेने, रा.नि से नायब तहसीलदार के 50 प्रतिशत रिक्त पदों में विभागीय पदोन्नति, राजस्व निरीक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती, सीमांकन, बंदोबस्त त्रुटि सुधार प्रकरणों के निराकरण के लिए समयावधि को यथावत रखने, सामान्य प्रशासन विभाग में संगठन की लंबित मांगों का निराकरण, विभागीय कार्यों के संपादन के दौरान मानवीय भूल को आधार मानकर न्यायालीन कार्रवाई न करते हुए विभागीय जांच के आधार पर विभागीय कार्रवाई करने, एएसएलआर और नायब तहसीलदार का एकीकरण का मुद्दा रखा गया। प्रांताध्यक्ष दीपचंद भारती ने कहा है कि फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा के सहयोग से राज्य के 118 से अधिक मान्यता प्राप्त, गैर मान्यता प्राप्त संगठनों के हित का संरक्षण और संवर्धन हो रहा है। उम्मीद जताई है कि फेडरेशन के प्रत्यक्ष सहयोग से राजस्व निरीक्षक संघ की बहुप्रतीक्षित मांगों, समस्याओं का अविलंब निराकरण हो सकेगा।

## एक दिन में 67 मिमी बारिश तरबतर हुआ शहर और गांव

**धमतरी।** बुध-गुरुवार को हुई झमाझम बारिश से जिला तरबतर हो गया है। सबसे अधिक धमतरी तहसील में तथा सबसे कम वर्षा नगरी तहसील में दर्ज की गई है। 24 घंटे की बारिश से जिले में औसत वर्षा 66.7 मिमी दर्ज की गई है। गुरुवार की स्थिति में जिले में औसत वर्षा के मुकाबले लगभग शत-प्रतिशत बारिश हो गई है।

भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार धमतरी तहसील में बुधवार की सुबह 8 बजे से गुरुवार की सुबह 8 बजे तक 93.2 मिमी बारिश हुई है। 1 जून से अब तक इस तहसील में 1176.6 मिमी बारिश हो चुकी है जो कि औसत वर्षा के मुकाबले 111.6 मिमी प्रतिशत है। कुरूद तहसील में 74.7 मिमी बारिश हुई है। वर्षाकाल में यहां 938.4 बारिश हो चुकी है। औसत वर्षा के मुकाबले यहां 92.8 फीसदी बारिश हुई है। मगरलोड तहसील में 77.4 मिमी बारिश हुई है। बारिश सीजन में यहां 765.4 मिमी बारिश हो चुकी है। औसत वर्षा के मुकाबले यहां 78.9 प्रतिशत वर्षा के साथ जिले में सबसे पीछे है। नगरी तहसील में सबसे कम 24.1 मिमी बारिश दर्ज की गई है। औसत वर्षा के मुकाबले यहां 93.6 फीसदी बारिश हुई है।

भखारा तहसील में 88.7 मिमी बारिश हुई है। वर्षाकाल में 991.2 मिमी बारिश के साथ औसत वर्षा का 98.7 प्रतिशत, कुकरेल तहसील में 70 मिमी बारिश के वर्षा सीजन में सबसे अधिक 1365 मिमी बारिश का रिकार्ड दर्ज किया गया है। यहां औसत की 123.4 प्रतिशत बारिश हुई है। बेलरगांव तहसील में 38.5 मिमी बारिश हुई है। औसत वर्षा का 86.1 प्रतिशत बारिश का रिकार्ड दर्ज किया गया है। धमतरी जिले में 1 जून से अब तक 1029.5 मिमी बारिश हो चुकी है। यह 10 वर्षो के औसत वर्षा के मुकाबले 98.2 प्रतिशत बारिश है। ज्ञात हो कि जिले की वार्षिक सामान्य वर्षा 1352.4 मिमी है।

### महानदी में पानी छोड़ने की संभावना नहीं

झमाझम बारिश के बाद भी गंगरेल बांध से महानदी में पानी छोड़ने की संभावना नहीं है। विगत 40 दिनों से गंगरेल बांध से मुख्य नहर तथा भिलाई नहर के लिए लगातार सिंचाई पानी छोड़ा जा रहा है। अब तक गंगरेल बांध से 23.648 टीएमसी पानी सिंचाई के लिए छोड़ा जा चुका है। गुरुवार को बांध से पानी की जावक 5656 क्यूसेक हो रही है। बुध- गुरूवार रात में गंगरेल में पानी की आवक अधिकतम 14270 क्यूसेक हो गई थी। वह सुबह घटकर 7734 क्यूसेक हो गई थी। गंगरेल में 86 फीसदी जलभराव है। फिलहाल महानदी में पानी फ्लड के लिए बांध के गेट के खुलने की संभावना नहीं है।

### माड़मसिल्ली बांध की सेहत दुरूस्त

माड़मसिल्ली बांध में शत-प्रतिशत जलभराव है। यहां पानी की आवक 2714 क्यूसेक तथा जावक 2136 क्यूसेक हो रही है। इधर दुधावा और सोंदूर बांध की स्थिति में सुधार आया है। दुधावा में 68 फीसदी तथा सोंदूर में 75 फीसदी जलभराव है। दुधावा में 1515 क्यूसेक पानी की आवक तथा 80 क्यूसेक जावक हो रही है। वहीं सोंदूर बांध में पानी की आवक 1124 क्यूसेक तथा जावक 553 क्यूसेक है।

## शिक्षिका प्रीति ने फिर बढ़ाया प्रदेश का मान सम्मान

यूथ चेंज मेकर अवॉर्ड के लिए चयन, इंग्लैंड से वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस सर्टिफिकेट मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




जिले के कोलियारी स्कूल की शिक्षिका प्रीति शांडिल्य ने एक बार फिर से पूरे प्रदेश का मान सम्मान बढ़ाया है। अखिल भारतीय संस्था निफा (नेशनल इंटीग्रेट फोरम ऑफ आर्टिस्ट एंड एक्टिविस्ट) द्वारा उनका चयन यूथ चेंज मेकर अवॉर्ड के लिए किया, साथ ही उन्हें इंग्लैंड से वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस सर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया।

यह आयोजन दिल्ली के भारत मंडपम में प्रारंभ हुआ फिर हरियाणा के करनाल में प्रीति को सम्मानित किया गया। हरियाणा के विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण, पूर्व उद्योग मंत्री शशिपाल मेहता, करनाल महापौर रेणु बाला गुप्ता एवं जापान, इंग्लैंड और मॉरीशस के अतिथियों ने प्रीति शांडिल्य को सम्मानित किया। प्रीति ने पिछले 17 वर्षों से शिक्षण कार्य के साथ समाज सेवा के क्षेत्र में भी लगन से कार्य किया है। वर्तमान में राज्यपाल अवॉर्ड और मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण 2025 से सम्मानित किया गया है। वह 20 बार रक्तदान कर चुकी हैं। इस उपलब्धि पर परिवार, समाज, शिक्षकों, मित्रों व शुभचिंतकों ने हर्ष जताया है।

## आदमी जीवनभर नाशवान चीजों की ओर भागता है : ज्ञानेश्वर

■ संबलपुर में श्री दक्षिण काली महायज्ञ नवरात्रि साधना का आयोजन

■ 30 सितंबर को दो लाख मंत्र जाप, 20 हजार आहुति, पाठ-सत्संग होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



संबलपुर निवासी ज्ञानेश्वर महाराज के निवास में नवरात्रि पर श्री दक्षिण काली महायज्ञ नवरात्रि साधना का आयोजन श्री लक्ष्मीनारायण सेवा समिति द्वारा किया गया है। कार्यक्रम के तहत 22 सितंबर को श्री दक्षिण काली यंत्र स्थापना, पूजन, मंत्र जाप, पाठ, सत्संग हुआ। 27 सितंबर शनिवार को सेवा गीत, सेवा, सत्संग होगा। 30 सितंबर मंगलवार को सुबह 11 बजे महाष्टमी हवन, पूजन, दोपहर 2 बजे से भोजन प्रसादी होगा। इसी दिन 2 लाख मंत्र जाप, 20 हजार आहुति, पाठ-सत्संग का आयोजन होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अशोक गुप्ता, दुर्गेश नंदनी यादव, महावीर सिन्हा, देवेन्द्र साहू, विकास साहू, ममता पटेल, बरखा साहू, पुलकित सिन्हा, नीरज सोनी, डुमनलाल ध्रुव, दुष्यंत कुमार, मनुसख साहू, मीना बाबर, दीप्ति सोनी जुटे हुए हैं।

महाराज जी ने प्रवचन में बताया कि मृत्यु जीवन के कर्मों का हिसाब का समय है। जैसे कर्म करोगे वैसी मृत्यु आएगी। जीवन भर मोह माया, जालसाजी, कुकर्म, व्यभिचार आदि कर्म करने वाले पीड़ा भोगते हैं। यमदूत उसे ले जाने से पहले पीड़ा देते हैं। जीवन भर जिसे स्मरण करोगे उसे मृत्यु के समय भी स्मरण किए तो वही योनि प्राप्त होगी। गीता में भगवान कृष्ण कहते हैं कि हे अर्जुन सब कुछ छोड़कर तू जीवन भर मुझे स्मण कर, मैं तुझे मुक्ति दूंगा। इसलिए गीता को आत्मसात करो, इससे कईयों का जीवन संभल गया। गीता सत्य का दर्शन कराता है। मृत्यु के समय अगर परमात्मा याद आए तो मोक्ष मिलता है। जीवन-मरण की गति से छुटकारा मिलता है। आज आदमी जीवन भर नाशवान चीजों की ओर भागता है और अंतिम समय में कष्ट पाता है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
30 सितंबर 2025 तक बुकिंग कराने पर
11 सीटें शेष
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
सारे तीरथ बार बार ... गंगा सागर एक बार
By Train- रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, नवग्रह, भीमाशंकर
यात्रा दिनांक
13 नवंबर 2025
18 दिसंबर 2025
11 जनवरी 2026
मकर संक्रांति स्नान
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/- ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
91111-11866

गंजेपन का ईलाज
अत्याधुनिक तकनीक द्वारा केश प्रत्यारोपण
FUT एवं FUE तकनीक द्वारा
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020